समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# चांदी की बढ़ती चमक : दिवाली तक कीमत पहुंच सकती है ₹1.30 लाख के पार, जाने एक्सपर्ट्स की राय।

Publisher

Published on 11 Jun 2025



## अंतरराष्ट्रीय बाजार मे तेजी और औद्योगिक मांग मे उंछाल के चलते चांदी की कीमतों मे जोरदार बढ़ोतरी, निवेशकों के लिए बड़ा संकेत।

**बिजनेस**: चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। मौजूदा समय में चांदी का भाव ₹**1 लाख प्रति किलो से ऊपर** चल रहा है, और विशेषज्ञों का मानना है कि यह कीमत दिवाली तक ₹**1.30 लाख प्रति किलो** के पार जा सकती है। निवेशकों के लिए यह संकेत है कि आने वाले महीनों में चांदी एक अहम निवेश विकल्प बन सकती है।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार मे तेजी बनी वजह**
**अजय सुरेश केड़िया, निदेशक, केडिया एडवाइजरी** के अनुसार, **चांदी की कीमत** में यह बढ़ोतरी तकनीकी **ब्रेकआउट और इंटरनेशनल मार्केट मे 37 डॉलर** प्रति औंस के स्तर को छूने के कारण हुई है। इसके अलावा, **अमेरिका-चीन व्यापार** वार्ता में बनी सहमति से औद्योगिक मांग में तेजी आई है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि चांदी की मांग मुख्य रूप से **इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, 5G टेक्नोलॉजी,** और **क्लीन एनर्जी** जैसे क्षेत्रों में होती है, और इन क्षेत्रों में विकास के चलते चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है।

**दिल्ली सर्राफा बाजार मे चांदी के ताज़ा भाव**
सोमवार को **दिल्ली के सर्राफा बाजार** में चांदी की कीमत **₹1,000** की उछाल के साथ **₹1,08,100** प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई।

वहीं, सोने की कीमत में **₹110** की गिरावट दर्ज की गई और यह **₹97,670 प्रति 10 ग्राम** रही।

### विशेषज्ञों की राय : कीमतों मे और उछाल संभव

**एक्सिस सिक्योरिटीज** के **चीफ रिसर्च एनालिस्ट (जिंस) देवेया गगलानी** का कहना है कि आने वाले हफ्तों में **चांदी** और **सोने** दोनों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। यह उतार-चढ़ाव अमेरिकी महंगाई दर और उपभोक्ता भावना के आंकड़ों पर निर्भर करेगा।

### निवेशकों के लिए संकेत

विशेषज्ञों के अनुसार, अगर आप दिवाली से पहले चांदी में निवेश करने का विचार कर रहे हैं, तो यह उचित समय हो सकता है। तेजी से बढ़ती **औद्योगिक मांग** और **वैश्विक घटनाक्रमों** को देखते हुए चांदी की कीमतों में लंबी अवधि की तेजी संभव है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.